नव भारत



5 डर, चुप्पी और न्याय-पॉक्सो एक्ट ने समाज को कितना बदला?



6 'एक पुराना मौसम लौटा' मानो भावनाओं का सुकून भरा संसार



8 75 जिलों में बाल श्रमिक विद्या योजना



11 फ्रेंच ओपन के अलग हाफ में सिनर-जोकोविच

# 51 हजार युवाओं को नौकरी

## पीएम मोदी बोले- 'विकसित भारत' के अहम सारथी हैं हमारे युवा

### पीएम का तोहफा

- युवाओं के सपने हो रहे हैं पूरे
- इज ऑफ बिजनेस है प्राथमिकता



**नई दिल्ली, 23 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 19वें रोजगार मेले में अलग-अलग सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए. उन्होंने कहा कि भारत के युवा 'विकसित भारत' की ओर बढ़ रही यात्रा को गति देने में एक अहम भूमिका निभा रहे हैं.**

'रोजगार मेला' युवाओं को नए अवसर प्रदान कर सशक्त बनाने के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देशभर के हजारों युवाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है. आज 51,000 से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिला है. इस उपलब्धि के लिए मैं सभी को बहुत बहुत बधाई देता हूं. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नवनियुक्त युवाओं से संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज आप सभी देश की विकास यात्रा में अहम जिम्मेवार भागीदार बन रहे हैं.

पीएम मोदी ने कहा कि युवाओं के सपने पूरे हो रहे हैं. अभी के समय में इज ऑफ बिजनेस ही प्राथमिकता है. रेलवे, बैंकिंग, डिफेंस, हेल्थ, एजुकेशन और दूसरे कई क्षेत्रों में आप सभी नई जिम्मेदारियां संभालने जा रहे हैं. आने वाले वर्षों में विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में आप सभी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं. उन्होंने कहा कि अभी दो दिन पहले मैं पांच देशों की यात्रा करके लौटा हूं. कहने को तो ये सिर्फ पांच देशों की यात्रा थी, लेकिन इस दौरान मेरी दर्जनों देशों की बड़ी... ▶ शेष पेज 2 पर

### प्रधानमंत्री के संबोधन के मुख्य बिंदु

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के युवाओं के सपने तेजी से पूरे हो रहे हैं और सरकार की प्राथमिकता ईज ऑफ बिजनेस को मजबूत बनाना है.
2. हाल ही में 5 देशों की यात्रा के दौरान पीएम ने कई वैश्विक कंपनियों के प्रमुखों से मुलाकात की। भारत के युवाओं और देश की तकनीकी प्रगति को लेकर बेहद उत्साहित है।
3. पीएम ने कहा कि विभिन्न देशों के साथ हो रही साझेदारियों का उद्देश्य भारतीय युवाओं को रोजगार और नए अवसर उपलब्ध कराना है।
4. पीएम मोदी ने युवाओं को ग्लोबल एक्सपोजर देने पर जोर देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग से भारतीय युवाओं की क्षमता को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है।
5. पीएम बताया कि स्वच्छ ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, महत्वपूर्ण खनिज और टिकाऊ विनिर्माण जैसे सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं.



### 51 हजार युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान करने पर पीएम का आभार

**भोपाल.** सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने से युवाओं की उन्नति के लिए केंद्र सरकार की युवाओं के प्रति प्रतिबद्धता अभिव्यक्त होती है.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम मोदी द्वारा 19वें रोजगार मेले में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के चयनित 51 हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअल माध्यम से नियुक्ति पत्र पदान किए जाने पर सोशल मीडिया के माध्यम से उनका आभार माना.

# 10 दिन में 3 बार पेट्रोल-डीजल में आग

**87 पैसे प्रति लीटर पेट्रोल की कीमतें बढ़ीं**

**91 पैसे प्रति लीटर डीजल की कीमत बढ़ाई गई**

## भोपाल में पेट्रोल 111.71 रुपये प्रति लीटर हुआ




**नई दिल्ली, 23 मई. वैश्विक संकट के बीच देश में एक बार फिर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है.सरकारी तेल कंपनियों ने इस बार पेट्रोल की कीमतें 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल की कीमतें 91 पैसे प्रति लीटर बढ़ाई हैं. पिछले 10 दिनों में कुल मिलाकर, कीमतों में लगभग 5 रुपए प्रति लीटर का इजाफा हुआ है शनिवार को हुई बढ़ोतरी के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में इजाफा हुआ है.**

वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के बीच पिछले 10 दिन में ईंधन की दरों में यह तीसरी बढ़ोतरी है.15 मई को ही सरकारी तेल कंपनियों ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण बढ़ी हुई ऊर्जा कीमतों का बोझ धीरे-धीरे ग्राहकों पर डालना शुरू किया था.

### बढ़ोतरी की बड़ी वजह

- पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष
- कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में उछाल
- स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में सप्लाई बाधित होने की आशंका
- ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल के पार

### पेट्रोल-डीजल महंगा- 10 दिन में तीसरी बढ़ोतरी

| शहर | पेट्रोल (रु./लीटर) | डीजल (रु./लीटर) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 99.51 | 92.49 |
| मुंबई | 108.49 | 95.02 |
| कोलकाता | 110.64 | 97.02 |
| चेन्नई | 105.31 | 96.98 |

### एक नजर में

#### नेपाल के विदेश मंत्री का भारत दौरा रद्द

**नई दिल्ली.** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल का प्रस्तावित भारत दौरा रद्द होने के बाद भारत-नेपाल संबंध एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं.यह दौरा ऐसे समय में स्थगित हुआ है जब दोनों देशों के बीच सीमा विवाद, व्यापारिक मुद्दों और रणनीतिक परियोजनाओं पर महत्वपूर्ण बातचीत होने वाली थी.माना जा रहा है कि लिपुलेख विवाद और नेपाल की नई सरकार के सख्त रवैये ने इस फैसले में अहम भूमिका निभाई है. दरअसल, नेपाल के विदेश मंत्री को 1 जून को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने का निमंत्रण मिला था.

#### छात्र वीजा पाबंदियों से अमेरिका को नुकसान

**वांशिग्टन.** अमेरिकी सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने ट्रंप प्रशासन से अंतरराष्ट्रीय छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए मौजूदा वीजा ढांचे को बनाए रखने का आग्रह किया है. उन्होंने चेतावनी दी है कि प्रस्तावित प्रतिबंध अमेरिका की तकनीकी बढ़त, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और अनुसंधान नेतृत्व को नुकसान पहुंचा सकते हैं. इस पत्र पर प्रतिनिधियों सैम लिकार्डो, जे ओबरनोल्टे, मारिया सालाजार और राजा कृष्णमूर्ति ने हस्ताक्षर किए थे। सांसदों ने कहा कि मौजूदा सिस्टम 'संयुक्त राज्य अमेरिका में लंबी अवधि की पढ़ाई, रिसर्च और वर्कफोर्स डेवलपमेंट' के लिए लचीलापन देता है.

# इवांका ट्रंप की हत्या की साजिश नाकाम

## आईआरजीसी प्रशिक्षित आतंकी अमेरिका में गिरफ्तार

**वॉशिंगटन, 23 मई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बड़ी बेटी इवांका ट्रम्प की तेहरान में उनकी हत्या की साजिश का सनसनीखेज खुलासा हुआ है. अमेरिकी जांच एजेंसियों ने ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से प्रशिक्षण प्राप्त एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है, जिसने इवांका ट्रंप को निशाना बनाने की योजना बनाई थी.**

अमेरिकी रिपोर्टों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी कई महीनों से इवांका ट्रंप की गतिविधियों पर नजर रख रहा था और हमले की



विस्तृत योजना तैयार कर चुका था.जांच एजेंसियों का दावा है कि आरोपी का संबंध ईरान समर्थित नेटवर्क से था और उसे आईआरजीसी से विशेष प्रशिक्षण मिला था. बताया जा रहा है कि आरोपी अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए ईरानी सैन्य कमांडर सुलेमानी की मौत का बदला लेना चाहता था.

> सुलेमानी की जनवरी 2020 में बगदाद में अमेरिकी हमले में मौत हुई थी, जिसके बाद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव काफी बढ़ गया था. रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों ने समय रहते कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया, जिससे संभावित हमले को टाल दिया गया.मामले की जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां आरोपी के अन्य संपर्कों की भी पड़ताल कर रही हैं.

# समर्थ सिंह को पुलिस ने लिया 7 दिन के रिमांड पर

**समर्थ के वकील ने सात दिन के रिमांड पर की थी आपत्ति**

**न्यायाधीश ने सभी आपत्ति खारिज करते हुए दिया रिमांड**

### एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा का मामला

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 23 मई. राजधानी भोपाल का बहुचर्चित टिक्शा शर्मा मौत के मामले में शनिवार को आरोपी पति को कड़ी सुरक्षा के बीच जिला न्यायालय में पेश किया गया. जहां पर नवम सत्र न्यायाधीश अनुदिता गुप्ता के न्यायालय में पेश किया गया. पुलिस ने आरोपी पति समर्थ सिंह को लगभग तीन बजे पेश किया. जहां पर एक घंटे तक सुनवाई की गई.**



जिसमें पुलिस ने सात दिन का पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की. जिस पर दोनों पक्ष के वकीलों ने न्यायीधीश के सामने अपने तर्क दिए. दोनों वकीलों की तर्क सुनने के बाद न्यायाधीश ने पुलिस को पूछताछ के लिए सात दिन का रिमांड दे दिया. वहीं, शुक्रवार देर रात करीब 3 बजे पुलिस समर्थ को जबलपुर से भोपाल लेकर पहुंची थी. उसे कटारा हिल्स थाने में रखा गया. थाने के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रही. दो बजे के लगभग पुलिस आरोपी समर्थ को न्यायालय मे पेश करने से पहले जिला चिकित्सालय में लेकर पहुंची जहां पर उसका मेडिकल कराया गया. उसके बाद लगभग तीन बजे न्यायालय में पेश किया गया. न्यायालय के मुख्य द्वार बाहर मीडिया और पुलिस की भारी भीड़ एकत्रित हो गई. मीडिया मुख्य द्वार पर इंतजार करती रही. पुलिस ने मामले को देखते हुए न्यायालय के पीछे वाले दरवाजे से न्यायाधीश के सामने पेश किया. इसकी भनक किसी को नहीं लगी.

### आज होगा पोस्टमार्टम

ट्विशा के शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम करने के लिए शनिवार रात को दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की टीम भोपाल पहुंचेगी. जो रविवार को पोस्टमार्टम करेंगी. इस पोस्टमार्टम की वीडियो रिकार्डिग भी की जाएगी. जिससे पूरी तरह से पारदर्शिता बनी रहे है. पहले हुए पोस्टमार्टम को लेकर आरोप लगते रहे है. आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां पर ट्विशा के परिजनों ने पासपोर्ट जब्त करने का आवेदन किया था जिसे कोर्ट ने मंजूर करते हुए समर्थ का पासपोर्ट जब्त करने के भी आदेश दिए हैं.



# शॉर्ट सर्किट से तीन अबोध जिंदा जले

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 23 मई, जिले के जमोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़खुरी कसिहवा में शनिवार सुबह करीब 11 बजे दिल दहला देने वाली घटना सामने आई।**

बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक कच्चे घर में भीषण आग लग गई, जिससे पूरा मकान जलकर खाक हो गया। हादसे में घर के अंदर मौजूद तीन अबोध बच्चों की जिंदा जलने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान रिद्धि साकेत 06 वर्ष, संध्या साकेत 1.5 वर्ष एवं नागेंद्र साकेत 04 वर्ष पिता रामरतन साकेत के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और मातम का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, बच्चों के पिता रामरतन साकेत 37 वर्ष पड़रा में सुबह मजदूरी करने गये थे और मां ललिता साकेत उन्हें घर के अंदर छोड़कर उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न लेने गई हुई थी। इसी दौरान अचानक घर में शॉर्ट सर्किट हुआ और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने और बच्चों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि कोई भी अंदर नहीं जा सका।

# भविष्य की संभावनाओं की धरती सिंगरौली : डॉ. मोहन

- मुख्यमंत्री ने 552 करोड़ से अधिक कार्यो एवं भूमि पूजन का किया लोकार्पण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 23 मई। म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दो दिवसीय प्रवास पर आज शनिवार को दोपहर बाद बैढ़न पहुंचे, जहां बिलौंजी एनसीएल ग्राउंड में 11 करोड़ 55 लाख रूपये की लागत से मंजूर आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का भूमि पूजन किया।**

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री सम्पतिया उइके, राज्यमंत्री राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम समेत अन्य नेता मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा कुल 552 करोड़ रूपये के विभिन्न कार्यो का



भूमि पूजन एवं लोकार्पण के साथ प्रधानमंत्री योजना व सामाजिक, सुरक्षा, पेंशन योजना के हितग्राहियों को राशि अंतरण किया गया। एनटीपीसी विंध्याचल के उमंग भवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन, लोकार्पण एवं प्रधानमंत्री उज्वला योजना व सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को राशि का अंतरण करते हुये कहा कि सिंगरौली की पहचान केवल कोयले से ही नही, अब तो सिंगरौली में सोने की खदान भी हो गई है। अब यहां की धरती सोना भी उगलेगी। हमारे के लिए सौभाग्य की बात है कि यहां की धरती सोना उगलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महाकाल को भी याद की। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सिंगरौली में रेल, हवाई जहाज की सुविधाएं हो गई हैं। भविष्य भी आप का और आज भी आप का है। ज्ञान की धरती, विज्ञान की धरती, भविष्य की संभावनाओं की धरती सिंगरौली है।

# नितिन नवीन की टीम में युवा जोश होगा स्थापित

- संगठन में लागू हो सकता है 33 प्रतिशत महिला आरक्षण

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**नई दिल्ली, 23 मई.भाजपा अपने नवनियुक्त अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ जिस तरह से पीढ़ीगत बदलाव की ओर बढ़ चली है उसके बाद से उनकी नई कार्यकारिणी के स्वरूप को लेकर चर्चा हो रही है.**

कहा जा रहा है कि पार्टी जहां एक तरफ अनुभव की नींव पर युवा जोश की इमारत खड़ी करने में जुटी है वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय स्वायत्तता व केन्द्रीय समन्वय के बीच एक नया संतुलन बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है. इतना ही नहीं इस बार संगठन विस्तार का सबसे महत्वपूर्ण पहलू संगठनात्मक संरचना में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के साथ सत्ता से सेवा और संगठन से सफलता के मंत्र को पुनर्जीवित करना है.सूत्रों की मानें तो पिछले दो सप्ताह से नई कार्यकारिणी के स्वरूप को लेकर बहुस्तरीय मंथन किया गया है. चर्चा है कि जल्द घोषित होने वाली नितिन नवीन की टीम में एक राज्य, एक प्रमुख चेहरा के बजाय क्षेत्रीय संतुलन और सामाजिक समीकरण को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है.नई टीम के गठन में सबसे बड़ी चुनौती संगठन बनाम सरकार के संतुलन को बनाए रखना है. हाल के दिनों में जिस तरह से संघ और भाजपा के बीच समन्वय को लेकर चर्चाएं रही हैं, उसे देखते हुए नितिन नवीन की टीम में आरएसएस के साथ तालमेल... ▶ शेष पेज 2 पर



### क्या है चुनौती

नितिन नवीन के सामने सबसे बड़ी चुनौती पार्टी के भीतर जमीनी कार्यकर्ताओं और शीर्ष नेतृत्व के बीच की दूरी को कम करना है. संगठन पर्व के दौरान बूथ स्तर पर जो सक्रियता देखी गई है, उसे चुनावी सफलता में बदलना नई कार्यकारिणी की पहली परीक्षा होगी.

### राज्यों को प्राथमिकता

कहा जा रहा है कि नितिन नवीन की नई कार्यकारिणी में राज्यों को विशेष प्राथमिकता देने की रणनीति पर ज़ोर दिया जा रहा है. इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय क्षत्रपों को मज़बूत करना और आगामी चुनावों वाले राज्यों को केंद्र में रखना है. चर्चा है कि नितिन नवीन के साथ टीम में 50 वर्ष से कम आयु के महासचिवों की एक नई कोर टीम तैयार की जा रही है, जो 2029 और उसके बाद के भारत के लिए पार्टी का चेहरा होंगे.

**द्विपक्षीय बैठक** | पीएम मोदी- मार्को रुबियो की वार्ता दिल्ली में 1 घंटे से ज्यादा तक चली, पीएम मोदी को अमेरिका आने का दिया निमंत्रण

# भारत-अमेरिकी साझेदारी साझा मूल्यों पर आधारित

- मिशनरीज ऑफ चैरिटी पहुंचे मार्को रुबियो
- मोदी-रुबियो बैठक में रिश्तों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली, 23 मई. अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबीयो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ शनिवार को नई दिल्ली स्थित सेवा तीर्थ में द्विपक्षीय बैठक की. दोनों के बीच एक घण्टे से ज्यादा की मुलाकात हुई. इस दौरान भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई.**



बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच रणनीतिक साझेदारी, व्यापार, सुरक्षा और क्षेत्रीय मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत हुई. दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई. भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जिओ गौर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी दी कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को निकट भविष्य में व्हाइट हाउस आने का निमंत्रण दिया है.गोर ने कहा कि यह निमंत्रण भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. रुबियो की यह भारत यात्रा पहली आधिकारिक यात्रा है, जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा, आर्थिक सहयोग और वैश्विक चुनौतियों पर भी चर्चा हुई. बैठक को भारत-अमेरिका संबंधों में नई गति देने वाला अहम कूटनीतिक कदम माना जा रहा है.

### मोदी-रूबियो मुलाकात के मुख्य बिन्दु

1. अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबीओ ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. इस दौरान भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा हुई.
2. दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने पर सहमति जताई. रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और निवेश जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर बातचीत हुई.
3. बैठक में पश्चिम एशिया के हालात, क्षेत्रीय सुरक्षा और वैश्विक शांति जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से बातचीत हुई. पीएम मोदी ने संघर्षों के समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति का समर्थन दोहराया.
4. भारत और अमेरिका ने मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई. दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने पर भी चर्चा की.
5. मार्को रूबियो क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने भारत पहुंचे हैं. वह रविवार को विदेश मंत्री एस.जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे.